# लोकसभा चुनाव : 2019

**17वीं लोकसभा** के गठन के लिए लोकसभा चुनाव-2019 देशभर में 11 अप्रैल से 19 मई, 2019 के बीच **7 चरणों** में आयोजित कराये गये। चुनाव के परिणाम 23 मई को घोषित किए गए। जिसमें भारतीय जनता पार्टी ने **303** सीटों पर जीत हासिल की और भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन (NDA-National Democratic Alliance) ने कुल **355 सीटें** जीती। कांग्रेस पार्टी ने **52** सीटें और कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन (UPA-United Progressive Alliance) ने **91 सीटें** जीती। अन्य दलों और उनके गठबंधन ने **96 सीटें** जीती।

वर्तमान में लोकसभा में सीटों की संख्या 545 है, लेकिन चुनाव **542 सीटों** पर हुआ और **2 सीटें** एंग्लो इंडियन समुदाय के लिए आरक्षित है। ये लोकसभा चुनाव 543 सीटों पर होना था लेकिन **तमिलनाडु के वेल्लोर** में भारी मात्रा में कैश बरामद किए जाने के बाद चुनाव आयोग ने यहाँ पर चुनाव रद्द कर दिया था।

| बीजेपी+ (NDA) | | कांग्रेस+ (UPA) | | अन्य | |
|---|---|---|---|---|---|
| पार्टी | सीटें | पार्टी | सीटें | पार्टी | सीटें |
| बीजेपी | 303 | कांग्रेस | 52 | TMC | 22 |
| शिवसेना | 18 | DMK | 23 | YSRCP | 22 |
| जद(यू) | 16 | NCP | 5 | BJD | 12 |
| लोजपा | 6 | IUML | 3 | SP+BSP | 15 |
| अन्य | 12 | अन्य | 8 | अन्य | 25 |
| **कुल** | **355** | **कुल** | **91** | **कुल** | **96** |

### लोकसभा चुनाव 2019 : एक नजर में

- लोकसभा चुनाव-2019 का क्रम - **17वाँ**
- चुनाव आयाजित कराये गए - **7 चरणों में**
- वर्तमान में लोकसभा में सीटों की संख्या - **545**
- चुनाव कितने सीटों के लिए हुआ - **542**
- पूर्ण बहुमत के लिए सीटों की संख्या - **272**
- मतदाताओं की कुल संख्या - **90 करोड़**
- कुल कितना प्रतिशत मतदान हुआ - **67.11%**
- मतदाता हेल्प लाइन नम्बर - **1950**
- पहली बार EVM में शामिल होने वाली नई सुविधा **- उम्मीदवार की फोटो**
- आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायत के लिए लॉन्च किया गया एप्प - **सी विजिल (cVIGIL)**
- कितने वर्ष बाद एक दल को दूसरी बार पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ - **48**
- लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की चुनाव राजदूत किसे बनाया गया **- गौरी सावंत**
- लोकसभा चुनाव के लिए जम्मू-कश्मीर की ब्रांड एंबेसडर बनाया गया **- सती दुआ को**
- लोकसभा में नवनिर्वाचित कुल महिला सांसदों की संख्या **- 78 (40-भाजपा, 1-कांग्रेस, 37-अन्य)**
- 2019 लोकसभा चुनाव में पहला वोट किसके द्वारा डाला गया **- ITBP के सुधाकर नटराजन द्वारा**
- देश की एकमात्र जिला जहाँ पूरी मतगणना महिलाओं ने कराई **- हरदा (मध्य प्रदेश)**

### महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी तथ्य

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के **वाराणसी** से सपा की **शलिनी यादव** को 4,79,505 वोटों से हराया।
- गुजरात के **गांधीनगर** से बीजेपी के **अमित शाह** ने कांग्रेस के **डॉ॰ सी॰जे॰ चावड़ा** को 5,57,014 वोटों से हराया।
- बीजेपी नेता **गिरिराज सिंह** ने सीपीआई के **कन्हैया कुमार** को बिहार के **बेगुसराय** से करीब 4 लाख वोटों से हराया।
- उत्तर प्रदेश के **आजमगढ़** से सपा के **अखिलेश यादव** ने बीजेपी के **दिनेश लाल निरहुआ** को 2,59,874 वोटो से हराया।
- सबसे ज्यादा वोटों के अंतर से भाजपा के **सी॰आर॰ पाटील** ने गुजरात से **नवसारी सीट** से अपनी जीत दर्ज की है। उन्होंने कांग्रेस के **पटेल धर्मेशभाई भीमभाई** को 6,89,668 वोटों से हराया।
- सबसे कम वोटों के अंतर से बीजेपी के **बी॰पी॰ सरोज** ने उत्तर प्रदेश के **मछली शहर** से अपनी जीत दर्ज की है। उन्होंने बसपा के **टी॰ राम** को मात्र 181 वोटों से हराया।
- सबसे युवा सांसद के रूप में **ओडिसा के क्योंझार** लोकसभा सीट से बीजू जनता दल की **चंद्राणी मुर्मू** (उम्र-25 वर्ष 11 माह) निर्वाचित हुई है।
- सबसे बुजुर्ग सांसद के रूप में नेशनल कांफ्रेस के **फारुख अब्दुल्ला** (उम्र-82 वर्ष) निर्वाचित हुए है। उन्होंने **जम्मू-कश्मीर** से पीडीपी के **अगा सईद मोहसिन** को 70,050 वोटों से हराया।
- **पूर्व दिल्ली** से बीजेपी के **गौतम गंभीर** ने कांग्रेस के **अरविन्दर सिंह लवली** को 3,91,222 वोटों से हराया।
- लोकसभा चुनाव-2019 के दौरान चुनाव आयोग द्वारा **गुजरात के गिर** में एक मात्र व्यक्ति **भारत दास बापू** के लिए पोलिंग बुथ स्थापित किया गया।
- लोकसभा चुनाव-2019 के दौरान मिजोरम के इतिहास में लोकसभा चुनाव लड़ने वाली पहली महिला **लालथ लामौनी बनी**। मिजोरम में लोकसभा की एकमात्र सीट है।




Scanned by CamScanner

## चुनाव आयोग : एक दृष्टि में

- चुनाव आयोग की स्थापना - **25 जनवरी, 1950**
- पहले मुख्य चुनाव आयुक्त - **सुकुमार सेन**
- पहली महिला मुख्य चुनाव आयुक्त - **वी॰एस॰ रमादेवी**
- वर्तमान में मुख्य चुनाव आयुक्त - **सुनील अरोड़ा**
- दो अन्य चुनाव आयुक्त - **अशोक लवासा और सुशील चंद्रा**
- चुनाव आयोग से संबंधित अनुच्छेद - **अनुच्छेद-324 (भाग-15)**
- मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है - **राष्ट्रपति**
- मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल - **6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु**
- मुख्य चुनाव आयुक्त का वेतन - **225000**

लोकसभा चुनाव 2019

### किस राज्य में कितनी सीटें?




## लोकसभा : एक दृष्टि में

- प्रथम लोकसभा चुनाव - **1952 में**
- लोकसभा का वर्णन संविधान के किस अनुच्छेद में - **अनुच्छेद-81**
- लोकसभा के प्रथम अध्यक्ष - **जी॰ वी॰ मावलंकर**
- लोकसभा सदस्य होने के लिए न्यूनतम आयु - **25 वर्ष**
- कार्यकाल - **5 वर्ष**
- मतदान करने की न्यूनतम आयु - **18 वर्ष** (पहले 21 वर्ष थी)
- मंत्रीपरिषद सामूहिक रूप से उत्तरदायी होती है - **लोकसभा के प्रति**
- लोकसभा सीटों की सबसे ज्यादा संख्या वाला राज्य - **उत्तर प्रदेश (80)**

- EVM - Electronic Voting Machine
- ईवीएम का प्रयोग देश में सबसे पहले **केरल** में 1982 में हुआ था।
- ईवीएम से पुरा चुनाव कराने वाला पहला राज्य **गोवा** (1998 में) है।
- VVPAT - Voter Verifiable Paper Audit Trail
- VVPAT का इस्तेमाल पहली बार 2013 में **नागालैण्ड** में किया गया था।
- NOTA - None of the Above (इनमें से कोई नहीं)
- देश में प्रथम मतदाता - **श्याम शरण नेगी (हिमाचल प्रदेश)**
- राष्ट्रीय मतदाता दिवस - **25 जनवरी**

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2019

महाराष्ट्र में भाजपा और शिवसेना गठबंधन को 288 में से **161 सीटों** पर जीत के साथ स्पष्ट बहुमत मिला है। भाजपा नेतृत्व ने भी दोनों राज्यों में अपने मुख्यमंत्रियों पर भरोसा जताया है। जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हरियाणा में **मनोहर लाल खट्टर और महाराष्ट्र में देवेंद्र फड़नवीस** को फिर कमान सौंपने की पुष्टि की है।

2014 में अकेले लड़कर 288 में **122 सीटें** जीतने वाली भाजपा के खाते में इस बार **105 सीटें** मिली हैं। शिवसेना भी **63 से 56** पर आ गई है। सबसे ज्यादा फायदे में **शरद पवार की पार्टी राकांपा** को हुआ है। राकांपा का आंकड़ा इस बार **41 से 54** पर पहुँच गया है। सोनिया गांधी के हाथ में दोबारा कमान आने के बाद कांग्रेस भी बढ़त में दिखी। पार्टी को 2014 के 42 के मुकाबले **44 सीट** मिली है।

## हरियाणा विधानसभा चुनाव 2019

हरियाणा में नतीजे काफी चौंकाने वाले रहे। यहाँ सबसे ज्यादा चौंकाया सालभर पहले अस्तित्व में आई **जननायक जनता पार्टी (जजपा)** ने। सालभर पहले ही पारिवारिक विवाद के बाद इनेलो से अलग होकर **दुष्यंत चौटाला** ने पार्टी गठित की थी। **जजपा** ने पहली ही बार में **10 सीटों** पर जीत हासिल कर ली।

हरियाणा के नतीजे कांग्रेस के लिए भी अच्छे रहे। कांग्रेस **15 से 31 सीट** पर पहुँच गई। सीटों के लिहाज से नतीजे भाजपा के लिए थोड़ा निराशाजनक रहे। पिछले साल 47 सीटें जीतने वाली भाजपा **40 सीटों** पर आ गई। भाजपा के लिए बड़ा झटका यह भी है कि राज्य सरकार में कैबिनेट का हिस्सा रहे **आठ मंत्री** चुनाव हार गए हैं।

## 51 विधानसभा उपचुनाव के परिणाम

21 अक्टूबर को महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभाओं के साथ-साथ 18 **अन्य राज्यों** की कुल **51 सीटों** पर भी उपचुनाव हुए थे। यूपी से **11 सीटों** के लिए हुए उपचुनाव में बीजेपी **7 सीटों** पर जबकि उसका सहयोगी अपना दल (सोनेलाल) **1 सीट** पर जीत दर्ज की है। वहीं, अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी (एसपी) **3 सीटों** पर जीत दर्ज की है जबकि मायावती की **बहुजन समाज पार्टी** को एक भी सीट पर जीत नसीब नहीं हुई है। योगी आदित्यनाथ ने सहयोगी अपना दल के साथ **8 सीटों** पर कब्जा कर अपनी धाक कायम रखी है।

बिहार में लोकसभा की **एक सीट** और **5 विधानसभा सीटों** पर हुए उपचुनाव के आए नतीजों में एनडीए को करारा झटका मिला है। छह सीटों में से **दो सीटें एनडीए व दो सीटें राजद** की झोली में गई, जबकि एक सीट पर **निर्दलीय** और **एक सीट पर एआइएमआइएम** के उम्मीदवारों ने कब्जा जमाया। इसमें सबसे बड़ा छति एनडीए में शामिल जदयू को हुआ।

## सतारा और समस्तीपुर लोकसभा उपचुनाव

समस्तीपुर लोकसभा उप-चुनाव में लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) के **प्रिंस राज** 49.48 प्रतिशत वोट पाकर अपने निकटतम कांग्रेस प्रतिस्पर्धी **अशोक कुमार** को शिकस्त दी है। एलजेपी के ही सांसद **रामचंद्र पासवान** के निधन से यह सीट खाली हुई थी जिसके बाद पार्टी ने उनके पुत्र प्रिंस राज को टिकट दिया। प्रिंस एलजेपी प्रमुख राम विलास पासवान के **भतीजे हैं।**

उधर, महाराष्ट्र में नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के **श्रीनिवास दादासाहेब पाटिल** 51.6 प्रतिशत वोट लेकर अपने निकटतम बीजेपी प्रत्याशी **उदयनराजे प्रतापसिम्हाराज भोंसले** को शिकस्त दी है।



Scanned by CamScanner